25 हमारे देशवासियों के रहन-सहन के स्तर की वृद्धि का सम्बन्ध परिवार नियोजन कार्यक्रमों के कार्यान्वित होने से भी है। बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण विकास से प्राप्त होने वाले लाभ समाप्त हो जाते हैं। पिछले चार वर्षों में परिवार नियोजन कार्यक्रम बहुत आगे बढ़ा है। परन्तु यदि दस वर्षों में ही आज के जन्म दर को 39 प्रति हजार से 25 प्रति हजार तक कम करने का राष्ट्रीय लक्ष्य प्राप्त करना है तो अभी इसके लिये बहुत कुछ करना बाकी है।

26 हमारी आर्थिक नीति के तथ्यों की परिधि यह होनी चाहिये कि रोजगार के लिये धन सम्पदा का उत्पादन अधिक किया जाए और उसका समुचित वितरण हो और साथ ही आय उत्पादक साधन भी बढ़ाए जाएं। ये प्राथमिकताएं चौथी योजना के प्रलेख में दी जाएंगी जो कि जल्दी ही अन्तिम रूप से तैयार हो जायेगा और आपके सम्मुख प्रस्तुत कर दिया जायेगा। मेरी सरकार को मालूम है कि बेरोजगारी हमारी अर्थ व्यवस्था के सम्मुख ऐसी गम्भीर समस्या है जिसे जल्दी ही हल करना होगा। पिछले दो वर्षों में संगठित क्षेत्र में, रोजगार की स्थिति अपेक्षाकृत अवरुद्ध रहने के बाद उसमें दो प्रतिशत वृद्धि हुई है; यह आगे के लिये आशाजनक है।

27 केन्द्र और राज्य, दोनों की योजनाओं में, पब्लिक सेक्टर के व्यय में, अन्य बातों के साथ-साथ विशिष्ट रूप से वृद्धि इस लिए की गई है कि सरकार रोजगार के अवसर बढ़ाना चाहती है। इसके साथ ही ऐसे कदम भी उठाने है कि विकास के साथ-साथ रोजगार भी बढ़े। अधिक रोजगार दिलाने के कार्यक्रमों को विशेष रूप से प्रोत्साहन दिया जायेगा। इस दिशा में कुछ कदम पहले ही उठा लिये गये हैं। चालू वर्ष में, यह प्रबन्ध किया गया है कि राज्य सरकारें बड़े और छोटे सिंचाई कार्यक्रमों तथा गांवों में बिजली पहुंचाने के कार्यक्रमों पर खर्च करने के लिये अधिक धनराशि नियत करें जिससे कि बड़ी संख्या में इंजीनियरों और तकनीशनों

को रोजगार मिल सके। भूमि का कृष्यकरण, छोटे सिंचाई कार्यों के नवीकरण, गांवों को मंडियों के साथ मिलाने के लिये सड़क-निर्माण के कार्यक्रम और ऐसे ही अन्य कार्यक्रमों से ग्राम विकास और रोजगार पर काफी प्रभाव पड़ सकता है।

28 योजना के अन्तर्गत सुलभ साधनों को इकट्ठा करके गांवों में बड़े पैमाने पर एक निर्माण कार्यक्रम बनाया जायेगा जिससे 12 से 18 महीनों की अवधि में ही कार्यान्वित किया जायेगा। यह एक ऐसा काम है जिसके लिये पर्याप्त रूप से विस्तृत योजना तैयार करनी होगी और राज्य स्तर पर स्थानीय रूप से पहले करनी होगी। निर्माण कार्य से इंजीनियरों, तकनीशनों कुशल और अकुशल कारीगरों को रोजगार मिल सकता है। इस लिये मेरी सरकार का प्रस्ताव है कि जिन बड़े-बड़े शहरों में विशेषकर मकानों की विकट समस्या है, वहां मकानों के लिये जमीने देने, कम आमदनी वाले लोगों को मकान बनाने और गन्दी बस्तियों की सफाई करने के लिये बड़ी मात्रा में भूमि अधिग्रहण और विकास जैसे कार्यक्रमों को पूरा करने के अधिकाधिक साधन जुटाये जाएं।

29 हमारे तकनीकी शिक्षा कार्यक्रमों को भी इस प्रकार का नया रूख देना होगा कि जिससे रोजगार के अवसर बढ़ सकें। हमारे पोलिटेकनीकों में अब जो शिक्षा दी जाती है, उसे उद्योगों के व्यावहारिक अनुभव के साथ जोड़ना होगा इसके लिये पोलिटेकनीकों में दी जाने वाली शिक्षा में परिवर्तन करना होगा ताकि सिद्धान्त को व्यवहार के साथ संबद्ध किया जा सके और प्रशिक्षण को उद्योग कार्य से। इसके साथ ही साथ, हमें अन्य विद्यार्थियों को भी अधिकाधिक अवसर देने हैं जिससे कि वे काम का अनुभव प्राप्त कर सकें। डिग्री स्तर पर पहले दो वर्षों में पढ़ने वाले छात्रों के लिये राष्ट्रीय सेवा का कार्यक्रम आरम्भ करने का इरादा है जो कि धीरे-धीरे सभी विश्वविद्यालयों पर लागू कर दिया जायेगा। आशा है कि इस योजना में लगभग एक लाख विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इस तरह विद्यार्थियों को समाज सेवा में लगे रहने का अवसर मिलेगा जिससे वे अनुभव करेंगे कि वे भी राष्ट्र के विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदार हैं।

30 पूंजी लगाने से अधिक रोजगार मिलेगा पर पूंजी लगाने के लिये अधिक बचत करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीयकृत बैंकों का यह भी एक महत्वपूर्ण लक्ष्य होगा। उनकी अधिक शाखाएं खोलने का जो साहसपूर्ण कार्यक्रम है, उससे यह आशा की जा सकती है कि पहले की अपेक्षा अब और बड़े पैमाने पर धन जमा होगा। इसके साथ ही, समाज के कमजोर वर्गों को पायेदार और उत्पादक योजनाओं के लिये बैंकों से पहले की अपेक्षा अधिक मात्रा में सहायता मिलेगी। राष्ट्रीयकरण की नीति में निहित भावना का प्रभाव बैंकों के कार्य-कलापों पर पड़ने लगा है और उन्होंने खेती-बाड़ी, सेवा-उद्योग और खुदरा व्यापार को उत्पादक और लाभकारी कार्यों के लिये सहायता देना आरम्भ कर दिया है जिनकी अभी तक घोर उपेक्षा की जाती रही है। उच्चतम न्यायालय के हाल में दिये गये निर्णय के आधार पर जब बैंकों के राष्ट्रीयकरण का कानून फिर से बन जायेगा, तब जो लाभकारी प्रक्रिया अभी तक अपनाई गई है, वह और भी सक्रिय हो जायेगी।

31 इस स्थिति में मैं सरकार की श्रम नीति के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। इस नीति का हमेशा ही यह उद्देश्य रहा है कि मजदूरों के रहन-सहन और उनके काम करने की दशा में सुधार किया जाये, उनकी मजदूरी और वेतन को बढ़ाया जाये और किसी हद तक उन्हें काम मिलने का आश्वासन भी प्राप्त हो। इस नीति के अनुसार, सरकार ने हाल ही में यह निर्णय किया है कि पत्तन एवं गोदी मजदूरी बोर्डों की प्रमुख सिफारिशों को स्वीकार कर लिया जाये। सरकार ने लोहा तथा इस्पात उद्योग में मजदूरी के ढांचे में संशोधन करने के लिये द्विपक्षीय वार्ता तंत्र की स्थापना को प्रोत्साहन दिया है। सरकार को राष्ट्रीय श्रम आयोग की रिपोर्ट हाल में ही प्राप्त हुई है। इस आयोग ने ट्रेड यूनियन आन्दोलन को सुदृढ़ बनाने और प्रभावकारी सामूहिक मोल-तोल को बढ़ावा देने के लिये कई सिफारिशें की हैं। मेरी सरकार खास तौर से संगठित श्रमिकों के सभी वर्गों से अपील करती है कि वे उत्पादन और उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में सरकार के प्रयासों में सहयोग दें। अनुशासन एवं निरंतर कठिन परिश्रम के बिना देश अपने सामाजिक आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं कर सकता।

32 लेकिन सामाजिक-आर्थिक उन्नति की दिशा में दिये जाने वाले ये सारे प्रयास तब ही सफल हो सकेंगे जबकि शांति और सामंजस्य का वातावरण और लोक तंत्र के सिद्धांतों में अटूट निष्ठा बनी रहे। इसलिये हिंसा की ओर बढ़ती हुई प्रवृत्ति बड़ी चिन्ता का कारण बन गई है। यह समस्या राजनीतिक मतभेदों से परे है और सरकार इसके निराकरण के लिये सभी राजनीतिक दलों और जिम्मेदार नागरिकों का सहयोग चाहती है।

33 हिंसा का सबसे अधिक चिन्ताजनक स्वरूप वह है जब अलग-अलग धार्मिक समुदायों के बीच झगड़ा होता है क्योंकि उससे सभ्य जीवन के सभी मूल्यों का विनाश होता है। 1968 में राष्ट्रीय एकता परिषद् की मीटिंग के बाद से साम्प्रदायिक सम्बन्धों में सुधार दिखाई दिया था, लेकिन फिर अहमदाबाद में दिल को दहला देने वाली घटनाएं हुईं। उससे हमारी प्रतिष्ठा भंग हुई और हमारे गौरव को कलंक लगा। ऐसी घटनाएं हम सब लोगों के लिये चुनौती हैं जो धर्मनिरपेक्षता, व्यक्ति की मर्यादा और मानव-जीवन के प्रति आदर रखने में विश्वास करते हैं। हमें इस बात की खास तौर से बहुत चिन्ता है कि उग्रवादी राजनैतिक दल निरन्तर हिंसात्मक कार्य कर रहे हैं। उनके कार्यकलापों के पीछे एक राजनैतिक विचारधारा है, जिससे वे अपने विध्वंसकारी उद्देश्यों की पूर्ति के लिये सामाजिक असन्तोष का अनुचित लाभ उठा रहे हैं। हम सामाजिक असन्तोष के वास्तविक कारणों को दूर करने के लिये उत्सुक हैं, लेकिन हिंसात्मक कार्रवाइयों का सख्ती से दमन करना होगा।

34 भूतपूर्व राज्यों के नरेशों ने हमारे इतिहास के एक संकटमय समय में जनता की आकांक्षाओं का आदर करते हुये एक लोकतंत्रीय शासन के अन्तर्गत भारत के शांतिपूर्ण एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान देकर अपनी देश-भक्ति का परिचय दिया था। मुझे पूर्ण आशा कि देश के व्यापक हित में वे उसी तरह वर्तमान युग की सामाजिक आवश्यकताओं को समझेंगे और एक बार फिर सद्भाव और सहयोग की भावना दिखायेंगे। राजाओं के प्रीवी पर्सों और विशेषाधिकारों का हमारे आज के सामाजिक उद्देश्यों के साथ कोई सम्बन्ध नहीं प्रतीत होता है और वह समता-वादी सामाजिक व्यवस्था से भी मेल नहीं खाते। इसलिये, सरकार ने भारत की पूर्व रियासतों के

राजाओं के प्रीवी पर्सों और विशेषाधिकारों को समाप्त करने का फैसला कर लिया है और इस पर अमल करने के लिये कानून लाया जायेगा। लेकिन हमारा यह विचार है कि संक्रमणकाल में कुछ ऐसे प्रबन्ध किये जायें जिससे कि पूर्व नरेशों को बदली हुई परिस्थितियों के साथ सामंजस्य करने का समय मिल सके।

35 मेरी सरकार को पूरी आशा है कि चंडीगढ़ और फजिल्का तहसील के कुछ भाग के सम्बन्ध में जो निर्णय लिये गये हैं, उनसे दोनों पड़ोसी राज्यों के लोग आगे आने वाले रचनात्मक कार्यों में अपनी शक्ति लगा सकेंगे। जब भावनायें भड़का दी जाती हैं, तब हर एक को सन्तुष्ट करने वाला कोई निर्णय लेना सम्भव नहीं होता। लेकिन सरकार को विश्वास है कि जो निर्णय लिये गये हैं, वे न्याय संगत और निष्पक्ष हैं। सरकार जल्दी ही एक कमीशन बिठायेगी जो पंजाब हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की सीमाओं को फिर से ठीक करने के दावों पर विचार करेगा। भाखड़ा प्रायोजना के प्रबन्ध तथा ब्यास प्रायोजना के निर्माण से सम्बन्धित वर्तमान प्रबन्धों में आवश्यक हेर-फेर करने पर भी सरकार विचार करेगी।

36 हमारी अगली दस वर्षीय जनगणना 1971 के आरम्भ में की जायेगी। इसके साथ हमारे देश की जनगणना के इतिहास के सौ वर्ष पूरे होंगे। भारत में जनगणना विश्व में अपनी तरह का सबसे बड़ा प्रशासनिक कार्य है और इस प्रकार के पेचीदा और बड़े पैमाने पर किये जाने वाले कार्य की सफलता तब ही सम्भव है जबकि केन्द्र और राज्यों की सरकारें, स्थानीय प्राधिकारी-गण और प्रत्येक नागरिक इसमें अपना सहयोग प्रदान करें।

37 विदेशी मामलों के क्षेत्र में हमने अन्य देशों के साथ अपनी मित्रता बढ़ाने और उसे अधिक सुदृढ़ करने का प्रयास किया है। शांति अन्तर्राष्ट्रीय समझ-बूझ और परस्पर लाभकारी सहयोग के रास्ते पर हम निरन्तर चल रहे हैं।

38 शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के सिद्धांत की स्वीकृति का क्षेत्र बढ़ रहा है। शांतिपूर्ण सहा अस्तित्व का क्षेत्र स्थायी रूप से व्यापक हो जायेगा और इससे मैत्रीपूर्ण सहयोग की नई भावना उत्पन्न होगी, ऐसा हमारा विचार है। हमारा विश्वास है कि सैनिक गुटों का कठोर रुख ढीला पड़ने और शक्ति गुटों के बीच तनाव कम होने से गुटों के अलग रहने के सिद्धांन्त को अब अधिक स्वीकृति मिलने लगी है और राष्ट्रों की स्वतंत्रता समृद्धि और स्थिरता को समुन्नत करने के अवसर बढ़ रहे हैं।

39 यह सन्तोष की बात है कि अपने पड़ोसी देशों—श्रीलंका, बर्मा, नेपाल, अफगानिस्तान और ईरान—के साथ हमारे सम्बन्ध अच्छी तरह बढ़ रहे हैं। उन देशों और अन्य देशों के साथ भी आपसी सहयोग और समझ-बूझ के नये रास्ते बराबर खोजे जा रहे हैं।

40 सरकार की यह नीति रही है कि सभी देशों के साथ अपने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय आर्थिक सम्बन्धों के विकास पर अधिक ध्यान दिया जाये। विकासशील देशों के साथ आमतौर से और एशिया के देशों के साथ खासतौर से इस प्रकार के सम्बन्ध बढ़ाने पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। जब कि भारत में कृषि और उद्योग का विकास महत्वपूर्ण अवस्था में पहुंच गया है,

हमारे लिये यह सम्भव हो गया है कि हम इस दिशा में भी अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग में कुछ योगदान दे सकें। हमने इस बात का समर्थन किया है कि एशिया एवं दूर-पूर्व के देशों की आर्थिक परिषद् (ईकाफे) के अधीन एशियाई आर्थिक सहयोग मंत्री परिषद् के जरिये व्यापक आधार पर प्रादेशिक प्रबन्ध किये जाये।

41 सरकार सच्चे दिल से यह चाहती है कि पाकिस्तान की सरकार और जनता के साथ समझ-बूझ, सहयोग और मित्रता बढ़े। हमने वर्तमान गतिरोध को तोड़ने के लिये पाकिस्तान सरकार को कई रचनात्मक सुझाव और प्रस्ताव भेजे। खेद है कि हमने जो पहलकदमियां कीं उनका पाकिस्तान से कोई सकारात्मक उत्तर नहीं मिला। फिर भी, मेरी सरकार सहयोग की भावना, मित्रता और अच्छे पड़ोसियों के से व्यवहार के आधार पर पाकिस्तान के साथ सम्बन्ध सुधारने की निरन्तर कोशिश करती रहेगी।

42 चीन के साथ भी हमारा उद्देश्य यह रहा है कि हम एक-दूसरे देश की प्रभुसत्ता और प्रादेशिक अखंडता के परस्पर आदर और एक-दूसरे के आन्तरिक मामलों में हस्ताक्षेप न करने के सिद्धान्तों के आधार पर अपने सम्बन्धों का संचालन करें। हम आशा करते हैं कि चीन हमें अपनी विदेश नीति बरतने और अपने घरेलू मामलों का संचालन करने के हमारे अधिकार का आदर करेगा।

43 मेरी सरकार इस बात से चिंतित है कि पश्चिम एशिया और वियतनाम में लड़ाई का कोई समाधान नहीं हो सका है। इन दोनों लड़ाइयों के कारण विश्व की शांति और स्थिरता पर बुरा असर पड़ा है। पश्चिम एशिया में तनाव खतरनाक विस्फोटक स्थिति में पहुंच रहा है। संयुक्त राष्ट्र के लिये यह आवश्यक है कि वह सुरक्षा परिषद् के 22 नवम्बर, 1967 के प्रस्ताव पर अमल कराये। वियतनाम में लड़ाई अभी चल रही है। मेरी सरकार ने बराबर यही कहा है कि वहां से तमाम विदेशी फौजों को हटाया जाये ताकि वियतनाम के लोग किसी बाहरी हस्तक्षेप के बगैर अपने भविष्य का स्वयं ही निर्णय कर लें।

44 हमें बहुत से देशों और सरकारों के प्रमुखों का अपने बीच स्वागत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। पिछले वर्ष, मैं अपने पड़ौसी मित्र देश, श्रीलंका की यात्रा पर गया था और प्रधान मंत्री ने बर्मा, अफगानिस्तान, जापान और इन्डोनेशिया की यात्रा की थी। ये यात्राएं इन देशों के साथ समझ-बूझ और मित्रता बढ़ाने में लाभदायक सिद्ध हुईं।

45 हम शांति के लिये कटिबद्ध हैं लेकिन हमें ऊंचे स्तर पर अपनी रक्षा की तैयारियां रखने के प्रति भी जागरूक रहना है। हमारी रक्षा सेनाओं को सज्जित करने में आत्म-निर्भरता की दिशा में अच्छी प्रगति हुई है। रक्षा-कार्यों के लिये देश में आत्म-निर्भर औद्योगिक आधार तैयार किया जा रहा है। बहुत तरह के महत्वपूर्ण हथियारों और गोला-बारूद के विषय में हम अब आत्म-निर्भर हो गये हैं। हमने इलेक्ट्रानिक्स, एयरोनाटिक्स और जंगी जहाजों के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी देश में उत्पादन करने में काफी प्रगति की है।

47 अगले वित्तीय बर्ष (1970-71) के लिये भारत सरकार की आमदनी और खर्च का व्योरा आपके विचार के लिये जल्दी ही रखा जायेगा।

47 चौदह बैंकों का फिर से राष्ट्रीयकरण करने का हाल में जो अध्यादेश जारी किया गया है, उसके स्थान पर सरकार संसद् के सामने एक बिल प्रस्तुत करेगी। एक बिल राज्य सभा के सामने पहले से ही है जो कि अनिवार्य वस्तु (संशोधन) अवस्थिति अध्यादेश, 1969 के स्थान पर आ जायेगा। हरियाणा और पंजाब कृषि विश्वविद्यालय अध्यादेश, 1970 के स्थान पर भी एक बिल रखने का सरकार का इरादा है। सरकार इस सत्र में निम्नलिखित वैधानिक कार्य संसद् के सम्मुख प्रस्तुत करना चाहती है :—

1. प्रेस परिषद् अधिनियम में संशोधन करने का बिल।
2. राष्ट्रीय सम्मान के प्रति अनादर रोक बिल, 1970।
3. विदेशी सहायता (नियमन) बिल, 1970।
4. फसल बीमा बिल, 1970।
5. समाचार-पत्र वित्त निगम की स्थापना के लिये बिल।
6. अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम, 1955 में संशोधन के लिये बिल।
7. एन० सी० डी० सी० (संशोधन) बिल, 1970।
8. भारत में चार अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों के प्रबन्ध के लिये एक स्वायत्तशासी सांविधिक निगम स्थापित करने के लिये बिल।

48 संसद् सदस्यगण! आप ऐसे समय में यहां इकट्ठा हो रहे हैं जबकि लोग बड़ी आशाएं लगाए बैठे हैं। आप उनकी आशाओं और आकांक्षाओं का सही मूल्यांकन करें और अपनी विवेकशीलता तथा बुद्धिमत्ता से उन्हें पूरा करने का प्रयत्न करें।

———

निधन सम्बन्धी उल्लेख
OBITUARY REFERENCES

अध्यक्ष महोदय : मुझे सभा को यह दुःखद सूचना देनी है कि हमारे तीन साथियों श्री एस०आर० राने, श्री एम०के० जीनचन्द्रन और श्री एल०एस० भटकर का निधन हो गया है।

श्री राने वर्तमान लोक सभा के सदस्य थे। वह महाराष्ट्र के बुल्डाना निर्वाचन क्षेत्र से चुने गये थे। वह इस सभा के वरिष्ठ सदस्य थे और प्रथम लोक सभा के समय से अब तक चुन कर आते रहे थे। उन्होंने अनेक संसदीय समितियों जैसे प्राक्कलन समिति और सरकारी आश्वासनों सम्बन्धी समिति तथा अन्य समितियों में कार्य किया। वह अनेक वर्षों तक सभापति तालिका के सदस्य रहे। वर्ष 1957-66 की अवधि में सरकारी उप-मुख्य सचेतक रहे। वह एक योग्य संसद विज्ञ थे और उन्होंने इस सभा तथा समितियों की कार्यवाही में सक्रिय भाग लिया। स्वास्थ्य ठीक न होने के बावजूद वह गत सत्र में सभा में आते रहे। वह

शिक्षाविज्ञ भी थे और उन्होंने महाराष्ट्र की अनेक शिक्षा संस्थाओं तथा शिक्षा समितियों को बढ़ावा दिया था। 20 जनवरी, 1970 को 69 वर्ष की आयु में भूसावल में उनका निधन हुआ। हम में से एक मिलनसार तथा लोकप्रिय व्यक्ति चल बसा है।

श्री एस० के० जीनचन्द्रन 1945-47 में केन्द्रीय विधान सभा के सदस्य रहे थे और 1957-62 में दूसरी लोक सभा के सदस्य रहे थे। 31 जनवरी 1970 को 53 वर्ष की आयु में वैल्लौर में उनका स्वर्गवास हो गया।

श्री एल० एस० भटकर भारत की संविधान सभा, अस्थायी संसद, पहली, दूसरी तथा तीसरी लोक-सभा के सदस्य थे। 7 फरवरी 1970 को 69 वर्ष की आयु में चिखिली, जिला बुल्डाना में उनका स्वर्गवास हुआ।

हमें इन साथियों के निधन से गहरा दुःख हुआ है और मुझे विश्वास है कि शोक संतप्त परिवारों तक हमारी समवेदनाएं पहुंचाने में सभा मेरे साथ है।

The Prime Minister and the leader of the House (Shrimati Indira Gandhi): Hon. Members of the House are deeply grieved at the sad demise of Shri Rane. He was a member of the Lok Sabha right from 1952 and was an old colleague of ours. He served the cause of education and social welfare and he also set up several institutions in these fields. He took active part in the proceedings of Parliamentary Committees and his contribution is commendable.

Maharashtra has suffered another blow in the death of Shri Bhatkar. He was a member of the Constituent Assembly and of the First, Second and Third Lok Sabha. He was committed to social uplift and worked actively for the welfare of the Scheduled Castes.

Shri Jinachandran was a Member of the Second Lok Sabha. He was an active worker of the Congress in Kerala. He took keen interest in the cooperative movement and in the development of backward classes of Kerala.

I request you, Mr. Speaker, to convey our condolences to the bereaved families of these departed souls.

The Leader of the opposition (Dr. Ram Subhag Singh): We are deeply grieved at the passing away of Shri Rane. As you have said, we do not have his equal in this House. He was of a quiet temperament. He was a very active Member. Whether as Chairman or member of a committee, he conducted himself in such a way that it has left an indelible impression on our minds. He conducted him-self very ably as Deputy Chief Whip. As you have just now stated, he was instrumental in the founding of a member of educational institutions in Maharashtra. He had recently taken initiative for the setting up of a co-operative sugar factory there. He was keenly interested in various other activities and whatever task he undertook, he had the prowess to see it through. At the passing away of such an affable and lovable personality, I, on behalf of the entire House and especially on behalf of the opposition, express our condolence to the members of the bereaved family and pray that his soul may rest in peace.

Shri Jinachandran was also one of such exceptions. He hailed from Kerala and lived at Wynaad. Whoever came in contact with him during the tenure of Second Lok Sabha was very much impressed by his good manners and whenever he spoke on any issue in the House, his arguments appealed to everybody.

Shri Bhatkar was also one of such friends whose memory we shall cherish for ever. Being a member of the Scheduled Castes he not only served the cause of his backward brethren but also considered it his duty to work for all and this was how he functioned in the House as well.

The sudden passing away of such friends has dealt us a grievous blow. We pray that their souls may rest in peace, and convey our condolences to the bereaved families.

श्री रंगा (श्रीकाकुलम) : श्री राने के निधन से महाराष्ट्र के किसानों ने एक महान् हिमायती खो दिया है। जब भी इस सभा में कृषकों सम्बन्धी किसी भी विषय पर चर्चा हुई तो श्री राने ने काफी समय तक सत्ताधारी दल का होते हुए भी सम्बन्धित मन्त्रियों से टक्कर ली।

उन्हें इतना साहस था कि उन्होंने दोबारा उप मुख्य सचेतक मनोनीत किये जाने से इन्कार कर दिया जब उन्हें यह महसूस हुआ कि सरकार उनसे ऐसा कार्य कराना चाहती थी जो उनके पद तथा अनुभव के शायां नहीं था।

यह भी उनके नैतिक बल का परिचायक है कि उन्होंने सत्तारूढ़ दल को छोड़कर प्रतिपक्षी दल को अपनाया, हालांकि उन्होंने विरोधी दल में शामिल हुए अन्य कांग्रेसी सदस्यों के बीच अपने को अकेला अनुभव किया।

वह साहसी प्रतीत नहीं होते थे परन्तु वह साहसी व्यक्तियों के बीच वास्तव में साहसी थे। उन्होंने बहुत ही असाधारण परिस्थितियों में भी अपने अद्भुत साहस का परिचय दिया।

ऐसे व्यक्तियों के निधन से हमारे देश, सार्वजनिक जीवन तथा इस सभा को भारी क्षति हुई है।

श्री भटकर और श्री जीनचन्द्रन का योगदान भी बड़ा सराहनीय रहा है। हमें उनके निधन से अपार दुख हुआ है।

Shri Atal Bihari Vajpayee (Balrampur): Mr. Speaker, the death has once again dealt us a blow and has snatched away one of our friends from amongst us. He was with us till yesterday. The quiet, sober and affectionate nature of Shri Rane could not but leave a lasting impression on anybody he met, whatever his affiliation. He had been ailing for the last few days but we could not foresee that he would pass away so soon. As a Member of Parliament his qualities will always be remembered. His services outside the House are well known. As a lawyer he fought for the revolutionaries arrested for their terriest activities during August 1942 and succeeded in securing their acquittal. He was a constructive worker and a man of principles. As a social worker he had opened several hostels for harijan students. He was man of few words and his silence had greater impact than words. He showed his worth as a Member of Parliament in various committees. I was also fortunate enough to work with him in various committees. I feel his death is a great loss to Maharashtra. I express my heart felt condolence to his revered memory.

As regards Shri Jinachandran I did not get chance to come into contact with him but I had a chance to work with Shri Bhatkar. I feel that the death of Shri Jinachandran and Shri Bhatkar has left our public life poorer. I on behalf of my party associate myself with the sentiments expressed here and pray to Almighty their souls may rest in peace. Our condolences may be conveyed to the bereaved families of the above colleagues.

श्री ही० ना० मुकर्जी (कलकत्ता उत्तर पूर्व) : अध्यक्ष महोदय, अन्तर सत्रावधि के बाद हम इस सभा में जब भी पुन: समवेत होते हैं तो हमें किसी न किसी सदस्य के निधन पर शोक प्रकट करना पड़ता है। आज हमारे परिचित लोग जो यहां पर अब हमारे बीच में नहीं रहे, उनके निधन पर हमें अत्यन्त शोक है।

श्री जीनचन्द्रन और श्री भटकर इस सभा के सदस्य रहे थे। मेरा इन दोनों से परिचय था किन्तु श्री राने के साथ मेरा निकट का परिचय था क्योंकि वे इस सभा के सदस्य अन्त तक रहे थे। मैं उन्हें प्रथम संसद के समय से जानता था। विपक्षी दल का सदस्य होने के कारण मुझे उनके विशेष गुण जानने के अनेक अवसर मिले क्योंकि सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक के रूप में उन्होंने अत्यन्त कारगर ढंग से कार्य किया था। वे सरल स्वभाव और दृढ़ चरित्र के व्यक्ति थे। उनमें आत्म सम्मान कूट-कूट कर भरा था। उन्होंने कोई ऐसा कार्य करना कभी स्वीकार नहीं किया जो उनके आत्म सम्मान के प्रतिकूल हो, चाहे उससे उन्हें कोई लाभ ही क्यों न होता हो। वे महाराष्ट्र के सच्चे सपूत थे। यद्यपि अनेक मामलों में हमारे विचार भिन्न थे और हमारा कार्य भिन्न होता था किन्तु उनके चरित्र तथा उनके व्यक्तित्व का मैं आदर करता था। मुझे इस बात की बड़ी प्रसन्नता है कि अध्यक्ष महोदय ने उनके लिये लोक प्रिय (लवेबल) शब्द का प्रयोग किया है।

श्री राने तथा अन्य दो सदस्य आज हमारे बीच में नहीं रहे। हम उनके निधन पर शोक प्रकट कर रहे हैं। मैं अपनी और अपने दल की ओर से अनुरोध करता हूं कि आप उनके शोक संतप्त परिवारों को हमारी संवेदनाएं पहुंचा देवें।

श्री अ० कु० गोपालन (केसरगोड) : अध्यक्ष महोदय, मैं अपने दल की ओर से इन सदस्यों के निधन पर व्यक्त की गई भावनाओं के साथ अपनी तथा अपने दल की भावनाएं व्यक्त करता हूं और आप से अनुरोध करता हूं कि शोक संतप्त परिवारों तक हमारी संवेदनाएं पहुंचाई जायें।

Shri Rabi Ray (Puri): Mr. Speaker, I myself and my party associate with the sentiments expressed by you, by the Leader of the House and by the leaders of opposition parties on the sudden demise of these Members and request you to convey condolences to the bereaved families.

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी (केन्द्रपाड़ा) : इन सहयोगियों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए माननीय सदस्यों ने जो भावनाएं व्यक्त की हैं, वही भावनाएं मैं अपनी तथा अपने दल की ओर से व्यक्त करता हूं। श्री राने मेरे निजी मित्र थे। वे बड़े मिलनसार व्यक्ति थे।

मैं आशा करता हूं कि हमारी भावनाएं शोक संतप्त परिवारों तक पहुंचा दी जायेंगी।

Shri Prakash Vir Shastri (Hapur): Mr. Speaker, the whip or the Deputy whip while performing his duty comes also into contact with the Members other than those of his own party. Shri Rane was a Chief whip of the Congress Party in the Second Lok Sabha. He had functioned as a whip of the ruling party successfully. He had a special quality of bringing round the Members of the opposition to his point of view on national issues. I had a chance to work

with him in an advisory committee appointed by the Government on my suggestion that a session of the Parliament be held in the South, I found him quiet and unassuming man who could endear himself to others by his simplicity. All his actions and decisions were guided by national considerations. He was a man of firm convictions

I, on my behalf and on behalf of my party associate with the sentiments expressed by the Members while condoling their death and request you to convey our condolences to the bereaved families.

डा० कर्णी सिंह (बीकानेर) : अध्यक्ष महोदय, श्री राने तथा अन्य दो सदस्यों के निधन से हमें अत्यन्त शोक हुआ है। संयुक्त संसदीय ग्रुप की ओर से विभिन्न दलों के नेताओं के साथ हम अपना शोक प्रकट करते हैं।

श्री राने एक प्रसिद्ध व्यक्ति थे अब हमने उन्हें सदा के लिये खो दिया है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करे।

Shri Shinkre (Panjim) : Mr. Speaker, Shri Rane was a parliamentarian of great qualities. He was man of firm determination and strong character. Starting his parliamentary career in 1946 as a member of State Legislative Assembly, Shri Rane entered the Lok Sabha and had acted as the Deputy Chief whip with great ability.

He was born in an agriculturist family. He was well acquainted with social problems. He made a great contribution in the field of education also and throughout participated in the activities of the educational institution of his constituency. He took great interest in the welfare of agriculturists. At the time when there was over-whelming demand for the division of Bombay State he was one who strongly opposed this division.

I deeply mourn his death and pray to God that his soul may rest in peace.

अध्यक्ष महोदय : अब हम लोग दिवंगत सदस्यों की स्मृति में कुछ क्षण मौन खड़े होंगे।

इसके पश्चात सदस्य कुछ देर मौन खड़े रहे

The Members then stood in silence for a short while.

व्यवस्था के प्रश्न
POINTS OF ORDER

Shri Atal Bihari Vajpayee (Balrampur) : An extra-ordinary situation has been created in U. P. and Bihar. The Governors of these States have misused their offices. We want to discuss this situation. I, therefore, suggest that an adjournment motion may be admitted otherwise meeting of Business Advisory Committee may be convened and time may be fixed on Monday or Tuesday to discuss the aforesaid situation.

Mr. Speaker : We shall consider these alternatives on Monday.

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : It has been observed during the Presidential Address that when the President was addressing the joint session of both the Houses his secretary was giving Hindi version of each paragraph of the Address. In case President was not in a position to address in Hindi, the Vice-President could perform this duty. In view of this a secretary should have not come into the picture. This is improper and against our constitution. I would have been happy if Shri Giri had delivered this Address in Telgu i. e. in his mother tongue.

My second point is that I am at a loss to understand as to why Friday has been fixed for the Presidential Address. I want to know whether Hon. Speaker was consulted in the matter. Can we justify our daily allowance at the rate of Rs. 51/- per day for these three days because we shall be getting the same without transactions of any business ?

The third point is that we should immediately take up the discussion on the adjournment motions.

Mr. Speaker: In so far as Presidential Address is concerned I will consult the constitutional or procedural aspect of the same. I do not think that I can issue any directions to the President. You can, however, bring to my notice if there is any provision as such. In so far as the question of date of session is concerned......

श्री नाथपाई (राजापुर) : अभिभाषण देने और पढ़ने में अन्तर होता है। श्री लिमये राष्ट्रपति तथा उप-राष्ट्रपति के विशिष्ट कर्तव्य का उल्लेख कर रहे थे।

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य समझते हैं कि मैं सेंट्रल हाल में अध्यक्ष का कार्य कर रहा था जो मैंने राष्ट्रपति के प्रति अपने कर्तव्य का पालन नहीं किया। यह तर्क मेरी समझ में नहीं आता।

जहां तक सत्र बुलाने की तिथि का सम्बन्ध है, इसे सरकार निश्चित करती है और राष्ट्रपति के माध्यम से आमंत्रण पत्र भेजे जाते हैं। मेरे विचार में सत्र के दिन या समय के बारे में अध्यक्ष को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये। मुझे पता चला था कि माननीय सदस्य राष्ट्रपति के अभिभाषण का अध्ययन करने के लिये तीन दिन का समय चाहते हैं।

श्री नाथपाई : क्या आप से परामर्श किया गया था ?

अध्यक्ष महोदय : मुझे सूचित किया गया था। स्थगन प्रस्ताव के बारे में हम सोमवार को विचार करेंगे।

श्री बलराज मधोक (दक्षिण दिल्ली) : तीन दिन के हिसाब से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोमवार को चर्चा होनी चाहिये। परन्तु अब वह बुधवार को चर्चा करना चाहते हैं।

अध्यक्ष महोदय : अब वह अधिक समय चाहते हैं।

सभा-पटल पर रखे गये पत्र
PAPERS LAID ON THE TABLE

बिहार राज्य के सम्बन्ध में की गई उद्घोषणा

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चह्वाण) : मैं संविधान के अनुच्छेद 356 के खंड (3) के अधीन, राष्ट्रपति द्वारा 16 फरवरी, 1970 को जारी की गई उद्घोषणा (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं, जिसके द्वारा उप-राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रपति के रूप में कार्य करते हुए 4 जुलाई, 1969 को बिहार राज्य के सम्बन्ध में जारी की गई उद्घोषणा को रद्द किया गया है और जो दिनांक 16 फरवरी, 1970 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 236 में प्रकाशित हुई है। **[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० 2516/70]**

अत्यावश्यक सेवाएं अनुरक्षण अधिनियम के अधीन अधिसूचना

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० सू० मूर्ति) : मैं श्री के० के० शाह की ओर से अत्यावश्यक सेवाएं अनुरक्षण अधिनियम, 1968 की धारा 2 की उपधारा (2) के अधीन निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं :–

(1) एस० ओ० 320, जो दिनांक 21 जनवरी, 1970 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी और जिसके द्वारा अत्यावश्यक सेवाएं अनुरक्षण अधिनियम, 1968 के प्रयोजनों के लिये दिल्ली के संघ राज्य क्षेत्र में स्वच्छता और मल निस्सारण से संबंधित सेवा को एक अत्यावश्यक सेवा घोषित किया गया है।

(2) एस० ओ० 321, जो कि दिनांक 21 जनवरी, 1970 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी और जिसके द्वारा दिल्ली के संघ राज्य क्षेत्र में स्वच्छता और मल निस्सारण से सम्बन्धित किसी सेवा में हड़तालों को निषिद्ध घोषित करने वाला आदेश दिया हुआ है।

[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी०-2517/70]

अध्यादेश

संसद-कार्य और नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री रघुरामैया) : मैं संविधान के अनुच्छेद 123 (2) (क) के उपबन्धों के अधीन निम्नलिखित अध्यादेशों की एक-एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं :–

(1) राष्ट्रपति द्वारा 30 दिसम्बर, 1969 को प्रख्यापित, अत्यावश्यक वस्तु (संशोधन) जारी रखना अध्यादेश, 1969 (1969 का संख्या 10) (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)

(2) राष्ट्रपति द्वारा 2 फरवरी, 1970 को प्रख्यापित, हरयाणा तथा पंजाब कृषि विश्वविद्यालय अध्यादेश, 1970 (1970 का संख्या 1)

(3) राष्ट्रपति द्वारा 2 फरवरी, 1970 को प्रख्यापित, कलकत्ता पत्तन (संशोधन) अध्यादेश, 1970 (1970 का संख्या 2) (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)

[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी०-2518/70]

(4) राष्ट्रपति द्वारा 14 फरवरी, 1970 को प्रख्यापित, बैंकिंग समवाय (उपक्रमों का अर्जन तथा अन्तरण) अध्यादेश, 1970 (1970 का संख्या (3) (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)

[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी०-2519/70]

अधिवक्ता (दूसरा संशोधन) विधेयक
ADVOCATES (SECOND AMENDMENT) BILL

प्रवर समिति के प्रतिवेदन को प्रस्तुत करने के लिये समय बढ़ाना

श्री रा० ढो० भण्डारे (बम्बई-मध्य) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि यह सभा अधिवक्ता अधिनियम, 1961, में आगे संशोधन करने वाले विधेयक सम्बन्धी प्रवर समिति के प्रतिवेदन को प्रस्तुत करने के लिये नियत किये गये समय को अगले सत्र के दूसरे सप्ताह के प्रथम दिन तक बढ़ाती है।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है "कि यह सभा अधिवक्ता अधिनियम, 1961, में आगे संशोधन करने वाले विधेयक सम्बन्धी प्रवर समिति के प्रतिवेदन को प्रस्तुत करने के लिये नियत किये गये समय को अगले सत्र के दूसरे सप्ताह के प्रथम दिन तक बढ़ाती है।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।
The Motion was adopted

इसके पश्चात लोक सभा सोमवार, 23 फरवरी, 1970/4 फाल्गुन, 1891 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, February 23, 1970/Phalguna 4, 1891 (Saka).

Tej Kumar Press, Lucknow. 23-4-70—340